

पौधारोपण करते खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री राकेश सचान, महापौर प्रमिला पांडेय, सांसद रमेश अवस्थी, विधान परिषद सदस्य अरुण पाठक व अन्य • जागरण



पौधारोपण करते डीएम जितेन्द्र प्रताप सिंह ( बाएं )। साथ मे सीडीओ अभिनव जे जैन (दाएं से दूसरे), डीएफओ आकांक्षा जैन ( दाएं ) व अन्य• जागरण



पौधारोपण करते श्रम एवं सेवायोजन प्रमुख सचिव डा.एम शनमुगा सुंदरम ( बाएं से दूसरे )। साथ मे मुख्य वन सं कानपुर मंडल एनके जानू ( बाएं )व अन्य अधिकारी। जा

# पौधारोपण कर किया धरा का श्रृंगार, बनाया कीर्तिमान

## 35.84 लाख लक्ष्य के सापेक्ष रोपे 37.63 लाख पौधे, **वृहद पौधारोपण महाभियान** में रिकार्ड बनाने का दावा किया गया

- छात्रों ने निकाली पौधों की बरात पर्यावरण संरक्षण पर प्रस्तुत किए सांस्कृतिक कार्यक्रम
- दिखाई दिया उत्सव का नजारा अधिकारियों से लेकर मंत्री तक ने लगाए पौधे

**जागरण संवाददाता, कानपुर :** वृहद पौधारोपण महाभियान में एक पौधा मां के नाम रोपित कर हरियाली बढ़ाने का संकल्प लिया गया। इस दौरान जिला प्रशासन, वन विभाग सहित अन्य विभागों ने 35.84 लाख पौधे रोपने के लक्ष्य के सापेक्ष 37.63 लाख पौधे रोपित कर कीर्तिमान स्थापित करने का दावा किया गया। पौधारोपण में धार्मिक व सामाजिक संगठनों ने भी भागीदारी की। महाभियान के तहत रविवार को 500 से अधिक स्थानों पर पौधे रोपित किए गए।

चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में हुए मुख्य समारोह में खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री राकेश सचान, सांसद रमेश अवस्थी, विधायक नीलिमा कटियार, महापौर प्रमिला पांडेय सहित अन्य जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने मां के नाम पौधे रोपित किए। छात्र-छात्राओं ने पौधों की बरात निकाली। वन महोत्सव के अंतर्गत आयोजित प्रतियोगिताओं व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के विजेता छात्र-छात्राओं को प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया। नोडल अधिकारी प्रमुख सचिव श्रम एवं सेवायोजन डा.एमके शनमुगा सुंदरम ने कहा कि जिले में पौधारोपण का नया कीर्तिमान स्थापित किया गया है। डीएम जितेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि



श्याम नगर स्थित पीएसी लाइन मे पौधारोपण करते जवान• जागरण

पौधारोपण पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य का संकल्प है। प्रभागीय वन अधिकारी आकांक्षा जैन ने कहा कि जिले में वन विभाग ने 8.90 लाख तथा अन्य विभागों ने 28,73,200 पौधे रोपित किए हैं। कुल 37,63,200 पौधे लगाए गए हैं। पौधारोपण में विधान परिषद सदस्य अरुण पाठक, सलिल विश्नोई, जिला पंचायत अध्यक्ष स्वप्निल वरुण, भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल दीक्षित, सीएसए विश्वविद्यालय के कुलपति डा. संजीव गुप्ता, मुख्य वन संरक्षक एनके जानू, मुख्य विकास अधिकारी अभिनव जैन रहे।

नगर निगम ने पनकी स्थित नंदीशाला परिसर में पौधारोपण किया। यहां खाली जमीन पर एक लाख पौधे लगाने का प्रस्ताव है। पौधारोपण के बाद महापौर प्रमिला पांडेय, नगर आयुक्त अर्पित उपाध्याय व अपर नगर आयुक्त अनूप कुमार ने नंदीशाला का निरीक्षण किया। नागरिक सुरक्षा कोर प्रभारी उपनियंत्रक पुष्पेंद्र सिंह व चीफ वार्डन राजीव सिंह के निर्देशन में मलिक गेस्ट हाउस के लान में 'एक पेड़ मां के नाम'



प्राथमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने एक पौधा मां के नाम से लगाने आह्वान किया। नुक्कड़ नाटक से पेड़ों के महत्व व पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया • संजय यादव

अभियान के अंतर्गत पौधे लगाए गए। डिवीजनल वार्डन सीमा अग्रवाल, शरद प्रकाश अग्रवाल,उपस्थित रहे।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने शिक्षक पार्क नवीन मार्केट में पौधारोपण किया। पूर्व जिला अध्यक्ष दीपू पांडेय ने नवीन नगर पार्क काकादेव, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी अनुराग शर्मा ने मन्ना बाबा पार्क नसीमाबाद में पौधारोपण किया। जिला महामंत्री अवधेश सोनकर, प्रमोद विश्वकर्मा, धीरज बाल्मीकि, सुरेंद्र गुप्ता रहे । प्राची बंग भवन परिषद की ओर से बंग भवन परिसर बेनाझाबर में पौधे रोपित किए गए। पार्षद पवन गुप्ता, वंदना देबराय, डा.अनन्या दत्ता, प्रबीर भट्टाचार्य, डा. गौतम दत्ता आदि उपस्थित रहे।

**गुरुद्वारे में पौधारोपण, पेड़ों का महत्व बताया** गुरुद्वारा बाबा नामदेव में पौधारोपण किया गया। लोगों ने एक पौधा अपनी मां के नाम लगाया। शबद-कीर्तन व अरदास के बाद गुरु का लंगर भी हुआ। नगर पार्षद सरदार नीतू सिंह, राजेश श्रीवास्तव, अशोक अग्रवाल, गुरदीप सहगल, श्रीचंद असरानी आदि उपस्थित रहे।

दैनिक जागरण आई नेक्स्ट 13/07/2026



Inner clarity transforms every challenge into a possibility. Begin with yourself.-@SadhguruJV

# हरियाली का मेगा प्लान, कानपुर ने बन

**सीएसए में पौधारोपण कर कैबिनेट मंत्री राकेश सचान ने की अभियान की शुरुआत**

## शहर में वृक्षारोपण महाअभियान की शुरुआत, एक दिन में रोपे 37.63 लाख पौधे

kanpur@inext.co.in

**KANPUR (12 July):** पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन बनाने के लक्ष्य के साथ संडे को शहर में वृक्षारोपण महाअभियान की शुरुआत सीएसए कैंपस से हुई. कैबिनेट मंत्री राकेश सचान, महापौर प्रमिला पांडेय और एमएलसी अरुण पाठक ने पौधरोपण किया. इसके बाद पूरे शहर में जगह जगह पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित हुए. जनप्रतिनिधियों से लेकर अधिकारियों तक ने 'एक पेड़ मां के नाम' के तहत पौधे लगाए. अभियान के तहत एक दिन में 35.84 लाख पौधे लगाने का टारगेट रखा गया था. वहीं प्रशासन के मुताबिक, लक्ष्य से कहीं अधिक 37.63 लाख पौधे रोपे गए. अभियान के तहत 7 थीम आधारित वन और 51 गोकुल वाटिकाएं विकसित की गई हैं.

### 500 से अधिक स्थानों पर

जिले में एक ही दिन 35 लाख 84 हजार 556 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया था. इसके लिए 500 से अधिक स्थानों का चयन किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ चीफ गेस्ट कैबिनेट मंत्री राकेश सचान ने दीप प्रज्वलित कर किया. इसके बाद मेधावी छात्राओं को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया. समारोह में स्कूली बच्चों ने नुक्कड़ नाटक पेशकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया. कैबिनेट मंत्री राकेश सचान ने कहा कि यूपी में 35 करोड़ पौधे लगाने का टारगेट रखा गया है. कानपुर इस महाअभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है.

PICS: DAINIK JAGRAN INEXT



अभियान को रफ्तार देने के लिए बच्चों को बांटे गए पौधे.

### सिर्फ लगाना नहीं, बचाना भी है

मंत्री ने लोगों से 'एक पेड़ मां के नाम' लगाने और उसके संरक्षण का संकल्प लेने की अपील करते हुए कहा कि मां हमें जीवन देती है और पेड़ हमें प्राणवायु देते हैं. इसलिए आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ पर्यावरण देना हम सबकी जिम्मेदारी है. उन्होंने बताया कि आम, जामुन, करौंदा समेत कई प्रजातियों के पौधे लगाए जा रहे हैं. डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि सिर्फ पौधे लगाना ही नहीं, उनका संरक्षण भी उतना ही जरूरी है. जनसहभागिता से ही हरित और पर्यावरण संतुलित कानपुर का सपना साकार होगा. गंगा बैराज से मंधना तक सड़क के दोनों ओर अमलतास के पौधे लगाए जाना इस अभियान का प्रमुख आकर्षण रहा.

### हर पौधे की जियो-टैगिंग

सीडीओ अभिनव जैन ने सभी विभागों को पौधरोपण स्थलों की जियो-टैगिंग, पौधों की देखभाल सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. डीएफओ आकांक्षा जैन ने भी लोगों से पौधे लगाने के साथ उन्हें जीवित रखने का संकल्प दिलाया. इस साल शहर में वंदे मातरम् वाटिका, ऊर्जा वन, महर्षि चरक वन, सामाजिक समरसता वन, समृद्धि वन, ऑक्सी वन और फलदार वाटिका विकसित की जा रही है. वन विभाग 8.55 लाख और अन्य विभाग 27.29 लाख पौधे लगाएंगे. सबसे अधिक 13.06 लाख पौधों का लक्ष्य ग्राम्य विकास विभाग को दिया गया है.

खबर से संबंधित वीडियो देखने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें.



सीएसए में मंत्री राकेश सचान ने की शुरुआत.

### पुलिस लाइन और पीएसी में भी पौधरोपण

पुलिस लाइन में पुलिस कमिश्नर रघुवीर लाल और एडिशनल सीपी विपिन ताडा ने पौधरोपण किया. 37 वीं वाहिनी पीएसी में सेनानायक बीबी. चौरसिया ने हरियाली का संदेश दिया. परिसर में 'वृक्षारोपण महायज्ञ 2026' के अंतर्गत एक सार्थक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. सहायक सेनानायक शैलेन्द्र कुमार बाजपेयी, सुधाकर मिश्र, शिविरपाल चंदेश्वर, दलनायक लालता प्रसाद, सूबेदार सैन्य सहायक शरवेंद सिंह चौधरी, शिवांशु द्विवेदी, सहित वाहिनी के समस्त अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे. डीसीपी साउथ दीपेंद्र नाथ चौधरी डीसीपी ट्रैफिक रविंद कुमार, एडीसीपी ट्रैफिक कपिल देव, एसीपी ट्रैफिक, डीसीपी वेस्ट एसएम कासिम आब्दी, एडीसीपी वेस्ट राजेश कुमार पाण्डेय ने पौधे रोपे.



पीएसी लाइन में अभियान के प्रति दिखी अवेयरनेस.

स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

# स्वतंत्र भारत

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

# पौधरोपण अभियान नहीं, आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य का है संकल्प





- सीएसए से निकली पौध बारात, 37.63 लाख पौधे रोपकर नया कर्तिमान स्थापित
- जनप्रतिनिधियों और बच्चों ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

कानपुर। रविवार को वृहद वृक्षारोपण महाअभियान की शुरुआत चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय से हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री राकेश सचान ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके बाद मेधावी छात्राओं को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। समारोह में स्कूली बच्चों ने नुक्कड़ नाटक पेशकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। स्कूली बच्चों ने गाजे-बाजे के साथ आकर्षक पौध बारात निकाली गई। कार्यक्रम में सांसद रमेश अवस्थी, महापौर प्रमिला पांडेय और एमएलसी अरुण पाठक, जिला पंचायत अध्यक्ष स्वप्निल वरुण, जिला अध्यक्ष अनिल दीक्षित सहित जनप्रतिनिधियों ने सहभागिता की। ने पौधरोपण कर वृहद वृक्षारोपण महाअभियान की शुरुआत की। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री राकेश सचान ने कहा कि उत्तर प्रदेश में आज 35 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। कानपुर इस महाअभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने लोगों से एक पेड़ मां के नाम लगाने और उसके संरक्षण का संकल्प लेने की अपील करते हुए कहा कि मां हमें जीवन देती हैं और पेड़ हमें प्राणवायु देते हैं। इसलिए आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ पर्यावरण देना हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि आम, जामुन, करौंदा समेत कई प्रजातियों के पौधे लगाए जा रहे हैं। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि वृक्षारोपण केवल एक दिवसीय अभियान नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य का संकल्प है। उन्होंने कहा कि पौधा लगाना जितना महत्वपूर्ण है, उसका संरक्षण उससे भी अधिक आवश्यक है। प्रत्येक नागरिक यदि लगाए गए पौधे की नियमित देखभाल का संकल्प ले, तो कानपुर को और अधिक हरित एवं पर्यावरणीय दृष्टि से समृद्ध बनाया जा सकता है।

**पौधे के संरक्षण अभियान को बनाएं सफल**

नोडल अधिकारी डॉ एम.के. शनमुगा सुंदरम ने कहा कि कानपुर नगर में 40 लाख से अधिक पौधों का रोपण कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया गया है। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण अभियान की वास्तविक सफलता पौधों के संरक्षण और उनकी नियमित देखभाल में निहित है। जनपद में लगाए गए पौधों के संरक्षण के लिए विशेष व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने आमजन से भी अपील की कि वे पौधों के संरक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए इस जनअभियान को सफल बनाएं।

## पुलिस अफसरों ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत रविवार को पुलिस कमिश्नर रघुबीर लाल ने रिजर्व पुलिस लाइन में पौधे रोपित कर वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस आयुक्त डॉ विपिन ताडा एवं पुलिस उपायुक्त यातायात रवीन्द्र कुमार सहित अधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों ने भी पौधारोपण कर हरित, स्वच्छ एवं पर्यावरण-संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। वृक्षारोपण महायज्ञ-2026 के अंतर्गत कमिश्नरेट कानपुर नगर में लगभग 11, 800 पौधे रोपित किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसी तरह डीसीपी साउथ दीपेन्द्र नाथ चौधरी ने अपने कार्यालय परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य का संदेश दिया। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अधिकाधिक पौधारोपण करने तथा लगाए गए पौधों के संरक्षण का संकल्प दिलाया। डीसीपी ट्रैफिक रवीन्द्र कुमार द्वारा ट्रैफिक पुलिस लाइन में पौधारोपण कर किया गया। इस अवसर पर एडीसीपी यातायात कपिल देव सिंह, एसीपी यातायात मनोज कुमार सिंह व यातायात निरीक्षक राजकुमार मिश्र सहित उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अधिकाधिक पौधारोपण करने तथा लगाए गए पौधों के संरक्षण का संकल्प दिलाया गया।

# महा अभियान : एक ही दिन में रोपे गए 37.63 लाख पौधे

## सीएसए से निकली भव्य पौध बारात, गूंजा पर्यावरण संरक्षण का संदेश



सीएसए में पौधरोपण अभियान का शुभारम्भ करते मंत्री राकेश सचान, सांसद रमेश अवस्थी, महापौर प्रमिला पांडेय व एमएलसी अरुण पाठक।

कानपुर,12 जुलाई। औद्योगिक नगरी में रविवार को हरियाली के क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित कर दिया। प्रदेशव्यापी वृहद वृक्षारोपण महाअभियान-2026 के तहत जनपद में रिकॉर्ड 3763200 पौधे रोपे गए। मुख्य जिला स्तरीय कार्यक्रम चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) परिसर में आयोजित हुआ। जहां गाजे-बाजे और स्कूली बच्चों की अगुवाई में निकली भव्य पौध बारात ने पूरे शहर को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री राकेश सचान और विशिष्ट अतिथि सांसद रमेश अवस्थी ने पौधरोपण कर किया। इस दौरान महापौर प्रमिला पांडेय, विधायक नीलिमा कटियार, विधान परिषद सदस्य अरुण पाठक एवं सलिल विश्नोई, जिला पंचायत अध्यक्ष स्वप्निल वरुण, भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल दीक्षित समेत तमाम जनप्रतिनिधियों और आला अधिकारियों ने भी पौधे लगाए। मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री राकेश सचान ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पिछले नौ वर्षों से यह अभियान निरंतर चल रहा है। इस बार पूरे प्रदेश में एक ही दिन में 35 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक पेड़ मां के नाम अभियान का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार हर नागरिक को निःशुल्क पौधे उपलब्ध करा रही है। अब प्रत्येक परिवार की जिम्मेदारी है कि वह कम से कम एक पौधा जरूर लगाए और संतान की तरह उसके संरक्षण का दायित्व भी निभाए। शासन द्वारा नामित जनपद के नोडल अधिकारी व प्रमुख सचिव श्रम एवं सेवायोजन डॉ एम.के शनमुगा सुंदरम ने इस बात पर जोर दिया कि अभियान की वास्तविक सफलता पौधों के जीवित रहने में है। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने इसे आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य का संकल्प बताया।

**कैबिनेट मंत्री राकेश सचान बोले- एक पेड़ मां के नाम अभियान से जुड़े हर परिवार, केवल पौधा लगाना नहीं, उसका संरक्षण भी है जरूरी**



पौधरोपण करते भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष रामकिशोर साहू, जिलाध्यक्ष अनिल दीक्षित, विधायक सुरेंद्र मैथानी व अन्य।

### भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष, सांसद और विधायक ने रोपे पौधे

कानपुर, 12 जुलाई। 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत रविवार को गोविंद नगर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत लाजपत नगर मंडल के कंपोजिट विद्यालय (शास्त्री नगर) और रामलला मंडल के आरोग्यधाम हॉस्पिटल में भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष रामकिशोर साहू, सांसद रमेश अवस्थी, विधायक सुरेंद्र मैथानी एवं जिलाध्यक्ष अनिल दीक्षित ने पौधे रोपे।

| विभाग का नाम | रोपे गए पौधों की संख्या |
|---|---|
| वन विभाग | 890000 |
| अन्य सहयोगी विभाग | 2873200 |
| कुल पौधरोपण | 3763200 |

### योग वाटिका में महकी औषधीय और छायादार प्रजातियां

कानपुर। सीएसए की योग वाटिका में पीपल, कदंब, गुलमोहर, कचनार, आंवला, अमरूद, जामुनए नीम और महोगनी जैसी फलदार व छायादार प्रजातियों के पौधे रोपे गए। वहीं वाटिका से सटे मैदान में स्कूली बच्चों और गंगा टास्क फोर्स के जवानों ने मिलकर 500 पौधों का रोपण किया।

### सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां

कानपुर। वन महोत्सव के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाले युवाओं और विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता छात्रों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रभागीय वन अधिकारी आकांक्षा जैन ने बताया कि पौधों की जियो टैगिंग और उनकी नियमित देखभाल के लिए विशेष व्यवस्था की गई है ताकि शहर की इस हरित विरासत को स्थायी रूप से सुदृढ़ किया जा सके।

# सीएसए में 'वृक्षारोपण महायज्ञ अभियान 2026' के तहत एक पेड़ माँ के नाम पर वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न

## वृक्षारोपण महायज्ञ अभियान 2026 के तहत फलदार और छायादार पौधे लगाए गए

पहल टुडे, हरिकृष्ण कश्यप



कानपुर देहात। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर में उत्तर प्रदेश सरकार के वृक्षारोपण महायज्ञ अभियान 2026 के अंतर्गत रविवार को विश्वविद्यालय परिसर में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता और हरित आवरण को बढ़ाने के उद्देश्य से वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।यह कार्यक्रम विशेष रूप से एक पेड़ माँ के नाम पर आयोजित किया गया। जिसमें मातृशक्ति और प्रकृति माता के प्रति सम्मान व्यक्त किया गया। यह महाभियान कुलपति डॉक्टर संजीव गुप्ता के मार्गदर्शन में सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

जिला प्रशासन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना की विभिन्न इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम में खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम, हथकरघा, वस्त्र उद्योग मंत्री राकेश सचान, कानपुर के सांसद रमेश अवस्थी महापौर प्रमिला पांडेय विधायक नीलिमा कटियार, विधायक अरुण पाठक, कुलपति डॉ. संजीव गुप्ता, जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह, मुख्य विकास अधिकारी तथा वन विभाग के उच्च अधिकारी, उपजिलाधिकारी, कुलसचिव, विश्वविद्यालय के समस्त महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, प्राध्यापकगण, शिक्षण एवं कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों एवं छात्र-छात्राओं ने सहभागिता करते हुए विभिन्न प्रजातियों के फलदार एवं छायादार के 700 से अधिक पौधे लगाए और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई-1 के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राजीव कुमार तथा इकाई-2 के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरुण कुमार के निर्देशन में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जबकि राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई-3 द्वारा कार्यक्रम समन्वयक डॉ. रश्मि सिंह एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. संघमित्रा महापात्रा तथा डॉ. स्वप्निल सिंह के मार्गदर्शन में रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई। वहीं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई-7 के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. उमानाथ शुक्ल के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने वृक्षारोपण अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाई। प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण, हरित विकास एवं प्रकृति संवर्धन पर आधारित आकर्षक पोस्टर एवं रंगोलियों के माध्यम से जन-जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम में लगभग 150 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर सभी अतिथियों ने अधिक से अधिक वृक्ष लगाने तथा उनकी नियमित देखभाल करने का संकल्प लेते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है और जनसहभागिता से ही हरित एवं समृद्ध भारत का निर्माण संभव है।

# हिंदुस्तान 13/07/2026

## जिले में 500 स्थानों पर रोपे 37.63 लाख पौधे, सीएसए परिसर से निकाली गई पौधों की बारात, वन महोत्सव के प्रतिभागी सम्मानित

# धरा को हरा-भरा करने को सारा शहर उमड़ा

**अभियान**

**कानपुर, प्रमुख संवाददाता।** जिले में रविवार को 500 से अधिक स्थानों पर 37.63 लाख पौधे लगाए गए। पौधरोपण का आगाज चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में हुआ। मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री राकेश सचान तथा विशिष्ट अतिथि सांसद रमेश अवस्थी ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण व वनावरण संवर्धन का संदेश दिया।

मुख्य अतिथि राकेश सचान ने कहा कि उत्तर प्रदेश में एक ही दिन में 35 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में नौ वर्षों से पौधरोपण अभियान चल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अभियान 'एक पेड़ मां के नाम' का उल्लेख करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा प्रत्येक परिवार कम से कम एक पेड़ अवश्य लगाए और उसके संरक्षण का दायित्व भी निभाए। सीएसए की योग वाटिका में पीपल, कदंब, गुलमोहर, कचनार, आंवला, अमरूद, जामुन, नीम एवं महोगनी सहित विभिन्न फलदार, पुष्पदार एवं छायादार प्रजातियों के पौधे रोपे गए। योग वाटिका से सटे मैदान में स्कूली बच्चों और गंगा टास्क फोर्स ने 500 पौधे लगाए गए।

डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि पौधरोपण एक दिवसीय अभियान नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य का संकल्प है। प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी आकांक्षा जैन ने बताया कि जनपद में वन विभाग ने 8,90,000 तथा अन्य विभागों ने 28,73,200 पौधों का रोपण किया गया। कुल 37,63,200 पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं तथा वन महोत्सव के अंतर्गत आयोजित प्रतियोगिताओं में सफल विद्यार्थियों और वन महोत्सव में उत्कृष्ट योगदान देने वाले युवाओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। महापौर प्रमिला पांडेय, विधायक नीलिमा कटियार, अरुण पाठक व सलिल बिश्नोई, स्वप्निल वरुण आदि रहे।

वहीं, भाजपा उत्तर ने नवीन मार्केट के बाहर पौधरोपण किया। उत्तर जिलाध्यक्ष अनिल दीक्षित, कैबिनेट मंत्री राकेश सचान, सांसद रमेश अवस्थी, अरुण पाठक, नीलिमा कटियार, सुरेंद्र मैथानी, दीपू पांडेय रहे।



सीएसए में मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री राकेश सचान तथा विशिष्ट अतिथि सांसद रमेश अवस्थी व अन्य ने पौधरोपण किया।

**आईटीआई पांडुनगर में पौधरोपण**

आईटीआई पांडुनगर में रविवार को पौधरोपण किया गया। प्रधानाचार्य हरीश मिश्रा व अन्य स्टाफ ने पौधे लगाए। सीएसए में समाजसेवी ऑटो चालक राकेश सोनी ने सहयोगियों के साथ एक पेड़ मां के नाम महायज्ञ कर पर्यावरण संरक्षण संदेश दिया।

## नगर निगम ने ग्रीन पार्क चौराहे के पास काट डाला पेड़



ग्रीन पार्क चौराहे के पास पदम टावर के सामने नगर निगम द्वारा काटा गया हरा पेड़।

- पदम टावर के सामने करनी थी छंटाई
- उद्यान अधिकारी बोले कराएंगे इसकी जांच

**कानपुर।** शहर में एक तरफ 'एक पेड़ मां के नाम' स्लोगन से वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम चलाया गया तो वहीं नगर निगम ने सिविल लाइंस में हरे पेड़ काट डाले। ग्रीन पार्क चौराहे के पास पदम टावर के सामने यूं तो पेड़ों की छंटाई करनी थी ताकि विद्युत तारों को सुरक्षित गुजारा जा सके मगर छंटाई की जगह जड़ के पास से मोटे तने समेत पेड़ ही काट डाले गए। उद्यान अधिकारी दिवाकर भाष्कर ने कहा कि मौके पर टीम भेजकर इसकी जांच कराएंगे कि ऐसा कैसे हुआ?



अधिकतम तापमान 35.5 >> न्यूनतम तापमान 27.8 >> सूर्योदय 5.21 >> सूर्यास्त 19.03 >> डॉलर 95.33 » यूरो 108.9

दैनिक भास्कर

देश का विश्वसनीय अख़बार

लखनऊ | वर्ष-12, अंक-276 | सोमवार 13 जुलाई 2026 | कुल पृष्ठ 20 | मूल्य 5.00 रुपये

बैठक के दौरान परिवहन, उद्योग रैपिड ट्रांजिट सिस्टम के जरिए किलोमीटर लंबा कॉरिडोर तैयार होने का दावा किया गया है।

# हरियाली का कीर्तिमान, 37 .63 लाख पौधे रोपे

- **सीएसए परिसर से निकली पौध बारात, जनप्रतिनिधियों व बच्चों ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश**



**कानपुर (भास्कर ब्यूरो)** । प्रदेशव्यापी वृहद वृक्षारोपण महाअभियान-2026 के अंतर्गत रविवार को जनपद कानपुर नगर में चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय परिसर में जिला स्तरीय वृक्षारोपण एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री राकेश सचान तथा विशिष्ट अतिथि सांसद रमेश अवस्थी ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं वनावरण संवर्धन का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं तथा वन महोत्सव के अंतर्गत आयोजित प्रतियोगिताओं में सफल विद्यार्थियों एवं वन महोत्सव में उत्कृष्ट योगदान देने वाले युवाओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। स्कूली बच्चों की अगुवाई में गाजे-बाजे के साथ आकर्षक पौध बारात निकाली गई, जिसमें जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, शिक्षकों, युवाओं एवं आमजन ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

**योग वाटिका में मासूम बचपन ने रोपे पौधे :** विश्वविद्यालय स्थित योग वाटिका में पीपल, कदंब, गुलमोहर, कचनार, आंवला, अमरूद, जामुन, नीम एवं महोगनी सहित विभिन्न फलदार, पुष्पदार एवं छायादार प्रजातियों के पौधे रोपे गए। योग वाटिका से सटे मैदान में स्कूली बच्चों एवं गंगा टास्क फोर्स द्वारा 500 पौधों का रोपण किया गया। मुख्य अतिथि राकेश सचान ने कहा कि उत्तर प्रदेश में एक ही दिन में 35 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

## पौधों की करेंगे बच्चों की तरह परवरिश

प्रदेश शासन द्वारा नामित जनपद के नोडल अधिकारी डॉ. एम.के. शनमुगा सुंदरम ने कहा कि कानपुर नगर में 40 लाख से अधिक पौधों का रोपण कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया गया है। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि वृक्षारोपण केवल एक दिवसीय अभियान नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य का संकल्प है। उन्होंने कहा कि पौधा लगाना जितना महत्वपूर्ण है, उसका संरक्षण उससे भी अधिक आवश्यक है। प्रभागीय वन अधिकारी आकांक्षा जैन ने बताया कि जनपद में वन विभाग द्वारा 8,90,000 तथा विभिन्न अन्य विभागों द्वारा 28,73,200 पौधों का रोपण किया गया। इस प्रकार जनपद में कुल 37,63,200 पौधे लगाए गए।

दैनिक आज का कानपुर

# कानपुर में हरियाली का नया कीर्तिमान, 37.63 लाख पौधे रोपे

## सीएसए परिसर से निकली पौध बारात, जनप्रतिनिधियों और बच्चों ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

# प्रत्येक परिवार कम से कम एक पेड़ अवश्य लगाए और उसका संरक्षण करें : राकेश सचान

आज का कानपुर




**कानपुर।** प्रदेशव्यापी वृहद वृक्षारोपण महाअभियान-2026 के अंतर्गत रविवार को जनपद कानपुर नगर में चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय परिसर में जिला स्तरीय वृक्षारोपण एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री राकेश सचान तथा विशिष्ट अतिथि सांसद रमेश अवस्थी ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं वनावरण संवर्धन का संदेश दिया। कार्यक्रम में महापौर प्रमिला पांडेय, विधायक नीलिमा कटियार, विधान परिषद सदस्य अरुण पाठक एवं सलिल बिश्नोई तथा जिला पंचायत अध्यक्ष स्वप्निल वरुण, भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल दीक्षित सहित जनप्रतिनिधियों ने सहभागिता की।कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई तथा वन महोत्सव के अंतर्गत आयोजित प्रतियोगिताओं में सफल विद्यार्थियों एवं वन महोत्सव में उत्कृष्ट योगदान देने वाले युवाओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। स्कूली बच्चों की अगुवाई में गाजे-बाजे के साथ आकर्षक पौध बारात निकाली गई, जिसमें जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, शिक्षकों, युवाओं एवं आमजन ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।प्रदेश शासन द्वारा नामित जनपद के नोडल अधिकारी एवं प्रमुख सचिव (श्रम एवं सेवायोजन) डॉ. एम.के. शनमुगा सुंदरम, चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. संजीव गुप्ता तथा मुख्य वन संरक्षक कानपुर मंडल एन.के. जानू की अगुवाई में जिला प्रशासन एवं वन विभाग ने कार्यक्रम का सफल आयोजन कराया। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अभिनव जे. जैन, प्रभागीय वन अधिकारी आकांक्षा जैन तथा विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भी पौधरोपण किया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों, शिक्षकों एवं युवाओं की विशेष भागीदारी रही।विश्वविद्यालय स्थित योग वाटिका में पीपल, कदंब, गुलमोहर, कचनार, आंवला, अमरूद, जामुन, नीम एवं महोगनी सहित विभिन्न फलदार, पुष्पदार एवं छायादार प्रजातियों के पौधे रोपे गए। योग वाटिका से सटे मैदान में स्कूली बच्चों एवं गंगा टास्क फोर्स द्वारा 500 पौधों का रोपण किया गया।मुख्य अतिथि राकेश सचान ने कहा कि उत्तर प्रदेश में एक ही दिन में 35 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है और कानपुर में इस महाअभियान की शुरुआत सीएसए परिसर से हुई है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पिछले नौ वर्षों से वृक्षारोपण अभियान निरंतर चल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि प्रत्येक परिवार कम से कम एक पेड़ अवश्य लगाए और उसके संरक्षण का दायित्व भी निभाए। उन्होंने कहा कि सरकार निःशुल्क पौधे उपलब्ध करा रही है तथा पौधों के संरक्षण के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित की जा रही है।प्रदेश शासन द्वारा नामित जनपद के नोडल अधिकारी डॉ. एम.के. शनमुगा सुंदरम ने कहा कि कानपुर नगर में 40 लाख से अधिक पौधों का रोपण कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया गया है। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण अभियान की वास्तविक सफलता पौधों के संरक्षण और उनकी नियमित देखभाल में निहित है। जनपद में लगाए गए पौधों के संरक्षण के लिए विशेष व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने आमजन से भी अपील की कि वे पौधों के संरक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए इस जनअभियान को सफल बनाएं।जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि वृक्षारोपण केवल एक दिवसीय अभियान नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य का संकल्प है। उन्होंने कहा कि पौधा लगाना जितना महत्वपूर्ण है, उसका संरक्षण उससे भी अधिक आवश्यक है। प्रत्येक नागरिक यदि लगाए गए पौधे की नियमित देखभाल का संकल्प ले, तो कानपुर को और अधिक हरित एवं पर्यावरणीय दृष्टि से समृद्ध बनाया जा सकता है।प्रभागीय वन अधिकारी आकांक्षा जैन ने बताया कि जनपद में वन विभाग द्वारा 8,90,000 तथा विभिन्न अन्य विभागों द्वारा 28,73,200 पौधों का रोपण किया गया। इस प्रकार जनपद में कुल 37,63,200 पौधे लगाए गए। उन्होंने बताया कि अभियान के अंतर्गत पौधरोपण के साथ-साथ उनके संरक्षण एवं नियमित देखभाल पर भी विशेष बल दिया जा रहा है, ताकि हरित विरासत को स्थायी रूप से सुदृढ़ किया जा सके।

# रहस्य संदेश

पृष्ठ : 4 मूल्य : 2.00 रुपये मात्र

एटा कासगंज अलीगढ़ लखनऊ गाजि

13:07:2026 | वर्ष 20 अंक 180 | RNI-No. UPH

वाली घटनाओं में आरोपी अक्सर उनके आसपास

नाथ तिवारी, मनोचिकित्सक, एमएमजी अस्पताल

## कानपुर में हरियाली का नया कीर्तिमान, एक दिन में 37.63 लाख पौधों का रोपण






कानपुर (अनवर अशरफ )महाअभियान-2026 के तहत रविवार को कानपुर नगर ने एक नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए जनपद में कुल 37,63,200 पौधों का रोपण किया। जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) परिसर में आयोजित हुआ, जहां कैबिनेट मंत्री राकेश सचान और सांसद रमेश अवस्थी ने पौधरोपण कर अभियान का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में महापौर, जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और स्कूली बच्चों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस दौरान बच्चों की अगुवाई में आकर्षक 'पौध बारात' निकाली गई, जिसने पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। राकेश सचान ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में एक ही दिन 35 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान का उल्लेख करते हुए प्रत्येक परिवार से कम से कम एक पौधा लगाने और उसके संरक्षण का संकल्प लेने की अपील की प्रभागीय वन अधिकारी आकांक्षा जैन ने बताया कि वन विभाग द्वारा 8.90 लाख तथा अन्य विभागों द्वारा 28.73 लाख पौधे लगाए गए। उन्होंने कहा कि अभियान की सफलता केवल पौधरोपण तक सीमित नहीं है, बल्कि पौधों के संरक्षण और नियमित देखभाल पर भी विशेष ध्यान दिया

## सीएसए में 'वृक्षारोपण महायज्ञ अभियान 2026' के तहत 'एक पेड़ माँ के नाम' पर वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न



कानपुर चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर में उत्तर प्रदेश सरकार के वृक्षारोपण महायज्ञ अभियान 2026 के अंतर्गत आज विश्वविद्यालय परिसर में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता और हरित आवरण को बढ़ाने के उद्देश्य से वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।यह कार्यक्रम विशेष रूप से 'एक पेड़ माँ के नाम' पर आयोजित किया गया। जिसमें मातृशक्ति और प्रकृति माता के प्रति सम्मान व्यक्त किया गया। यह महाभियान कुलपति डॉक्टर संजीव गुप्ता के मार्गदर्शन में सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

जिला प्रशासन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना की विभिन्न इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम में खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम, हथकरघा, वस्त्र उद्योग मंत्री श्री राकेश सचान, कानपुर के सांसद रमेश अवस्थी महापौर श्रीमती प्रमिला पांडेय विधायक श्रीमती नीलिमा कटियार, विधायक अरुण पाठक, कुलपति डॉ. संजीव गुप्ता, जिलाधिकारी श्री जितेन्द्र प्रताप सिंह, मुख्य विकास अधिकारी तथा वन विभाग के उच्च अधिकारी, उपजिलाधिकारी, कुलसचिव, विश्वविद्यालय के समस्त महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, प्राध्यापकगण, शिक्षण एवं कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों एवं छात्र-छात्राओं ने सहभागिता करते हुए विभिन्न प्रजातियों के फलदार एवं छायादार के 700 से अधिक पौधे लगाए और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई-1 के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राजीव कुमार तथा इकाई-2 के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरुण कुमार के निर्देशन में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जबकि राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई-3 द्वारा कार्यक्रम समन्वयक डॉ. रश्मि सिंह एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. संघमित्रा महापात्रा तथा डॉ. स्वप्निल सिंह के मार्गदर्शन में रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई। वहीं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई-7 के कार्यक्रम अचिकारी डॉ. उमानाथ शुक्ल के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने वृक्षारोपण अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाई। प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण, हरित विकास एवं प्रकृति संवर्धन पर आधारित आकर्षक पोस्टर एवं रंगोलियों के माध्यम से जन-जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम में लगभग 150 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर सभी अतिथियों ने अधिक से अधिक वृक्ष लगाने तथा उनकी नियमित देखभाल करने का संकल्प लेते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है और जनसहभागिता से ही हरित एवं समृद्ध भारत का निर्माण संभव है।

Times Of India 13/07/2026

# City turns over a greener leaf with 37.6L saplings

## Kanpur Nagar Planted Over 40L Saplings

Times News Network

**Kanpur:** More than 37.63 lakh saplings were planted across Kanpur Nagar on Sunday as the district joined Uttar Pradesh's mega plantation campaign under the 'Ek Ped Maa Ke Naam' initiative.

Launching the district-level drive at the Chandra Shekhar Azad University of Agriculture and Technology (CSA), cabinet minister Rakesh Sachan called upon every family to plant and nurture a tree in the name of their mother, saying the success of the campaign would depend on the survival of the saplings.

The district-level plantation and public awareness programme was organised at the CSA campus as part of the Uttar Pradesh govt's Vriksharopan Mahayagya-2026. Cabinet minister Rakesh Sachan, the chief guest, along with MP Ramesh Awasthi, planted saplings and conveyed the message of environmental conservation and increasing forest cover in the state. The programme featured cultural performances and the distribution of certificates of appreciation to students who excelled in competitions organised during Van Mahotsav, as well as to youths for their notable contributions to festival. A colourful 'Paudh Baarat' (Plant Procession), led by schoolchildren and accompanied by music, was taken out across the university campus. Public representatives, officials, teachers, students, youths and local residents enthusiastically participated in the procession to spread awareness about environmental conservation. Saplings of various fruit-bearing, flowering and shade-giving species, including peepal, kadamb, gulmohar, kachnar, amla, guava, jamun, neem and mahogany, were planted in the university's Yoga Vatika. In addition, schoolchildren and personnel of the Ganga Task Force planted 500 saplings in the open ground adjacent to the Yoga Vatika.

TOI



Cabinet minister Rakesh Sachan,MP Ramesh Awasthi,nodal officer Dr M Shanmukhnathan taking part in plantation drive at CSA University

Addressing the gathering, Rakesh Sachan said Uttar Pradesh had set an ambitious target of planting 35 crore saplings in a single day and that Kanpur's campaign was launched from the CSA campus. Referring to Prime Minister Narendra Modi's 'Ek Ped Maa Ke Naam' initiative, he appealed to every family to plant at least one tree in their mother's name and take responsibility for its care and protection. He added that the government was providing saplings free of cost and making arrangements for their upkeep.

District Nodal Officer Dr M.K. Shanmuga Sundaram said Kanpur Nagar had created a new record by planting more than 40 lakh saplings during the campaign. He emphasised that the real success of the drive would depend on the survival and regular maintenance of saplings and assured that special arrangements would be made for their protection.

District Magistrate Jitendra Pratap Singh described tree plantation as a commitment to securing the future of coming generations rather than merely a one-day campaign. Divisional Forest Officer Akanksha Jain said the Forest Department planted 8.90 lakh saplings, while various other departments planted 28.73 lakh saplings, taking the district's total plantation count to 37.63 lakh. She said the campaign focused not only on plantation but also on the conservation and long-term care of saplings to strengthen Kanpur's green cover.